## खबर संक्षेप

### जहर खाने से महिला की मौत



**सतना।** कोठी कस्बे में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। दहेज प्रताड़ना से परेशान 27 वर्षीय नेहा पांडेय ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। नेहा की शादी 4 साल पहले कोठी निवासी मनीष पांडेय से हुई थी। मनीष मुंबई में नौकरी करता है। नेहा के ससुर नरेंद्र पांडेय ने अपनी पोती की शादी के लिए मृतका के पिता श्रवण कुमार से 4 लाख रुपये की मांग की थी। श्रवण ने आर्थिक तंगी बताते हुए 50 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद से नेहा को रोज पिता से पैसे मांगने के लिए दबाव बनाया जाता था। 20 मार्च को उसका पति मनीष भी मुंबई से घर आया था। शुक्रवार को मनीष ने नेहा की पिटाई की। इसी दिन शाम को नेहा अपने कमरे में बेहोश मिली। उसे तुरंत कोठी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की मां माया पांडेय ने बताया कि नेहा के ससुर उनका और उनके पति का आधार कार्ड मांग रहे थे। नेहा ने अपनी मां को मना किया था कि आधार कार्ड न दें। जहर खाने से पहले नेहा ने अपनी मां से पति द्वारा की गई पिटाई के बारे में बात की थी। कुछ देर बाद ही ससुराल से फोन आया कि नेहा ने जहर खा लिया है। कोठी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### समाधान ऑनलाइन 24 मार्च को दोपहर 12.30 बजे से

**सतना।** समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 24 मार्च को दोपहर 12.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों, डूबने की दुर्घटनाओं के प्रबंध,कानून व्यवस्थाओं की स्थिति तथा राजस्व के विषय पर भी चर्चा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी के साथ कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन की अंतिम तिथि अब 25 मार्च

**सतना।** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) में ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन की तिथि निर्धारित थी। कृषकों के हित के दृष्टिगत अब शासन द्वारा बढाकर 25 मार्च कर दिया गया है। कलेक्टर सतीश कुमार एस ने बताया कि जो चना,मसूर एवं सरसों फसल के उपार्जन के पंजीयन कराना चाहते है। वे 25 मार्च 2025 तक फसल का पंजीयन करा सकते हैं।

**अब तक 24 हजार 468 किसानों का पंजीयन**

सतना जिले में अब तक रबी विपणन वर्ष 2025-26 में 24 हजार 468 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिनमें 23932 किसानों ने गेहूं के लिए,691 किसानों ने चना,990 ने मसूर और 990 किसानों ने अपना पंजीयन सरसों की फसल के लिए कराया है। सतना जिले की रामपुर बघेलान तहसील में 6189,नागौद में 5008,उचेहरा में 3919,रघुराजनगर में 2916,कोटर में 2491,बिरसिंहपुर में 1802, कोठी में 1303 और मझगवां तहसील में 840 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

## आसमान से बरसी आफत, सतना-मैहर में हुई ओलावृष्टि से 100 से अधिक गांवों में फसल तबाह

# आंवले के आकार के थे ओले, किसान चिंतित

सतना और मैहर जिले में मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार को दोनों जिलों के 100 से अधिक गांवों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। रामनगर इलाके में आंवले के आकार के ओले गिरे। बता दें कि,पिछले दो दिनों से मौसम के बदले तेवर ने रबी सीजन की फसलों को नुकसान पहुंचाया है।

सतना।




खेतों में गेहूं,दलहन और तिलहन की फसलें पकने की स्थिति में थीं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अगले दो दिन भी ऐसा ही मौसम बना रहेगा। गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। मैहर जिले में अमदरा, मैहर, अमरपाटन, मौहट, रामनगर कर्रा,मोहरवा,जिगना, गौहानी, गोविंदपुर, छिरहाई, मर्यादपुर, झिन्ना, सरिया, पैपखरा और मनकीसर समेत कई गांवों में ओलावृष्टि की सूचना है। सतना जिले में भी ओलों ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है। किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में तैयार खड़ी सरसों,मसूर,चना और गेहूं की फसलें प्रभावित हुई हैं। तेज हवाओं के कारण गेहूं की फसलें जमीन पर गिर गई हैं। किसानों का कहना है कि यदि ओलावृष्टि जारी रही तो बड़ी क्षति हो सकती है।

### क्या कहते हैं मौसम वैज्ञानिक

मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में आए पश्चिमी विक्षोभ के साथ एक हवा में उपरी चक्रवात बंगाल की खाड़ी में बना हुआ है। वहीं 2 टर्फ लाइन मप्र में मिल रही है,इसी के प्रभाव के कारण सतना समेत रीवा संभाग में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी, बारिश व ओले गिर रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि अभी 2 दिनों तक मौसम का मिजाज इसी तरह से बना रहेगा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं हवा में सुबह की नमी 75 प्रतिशत और शाम को 46 प्रतिशत रही है।

### एकेएस स्टूडेंट्स का ग्रैजुएट इंजीनियर ट्रेनी पद पर चयन

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के बी टेक सीमेंट टेक्नोलॉजी स्टूडेंट्स ख़ुशी नामदेव,मोहित कुमार पांडे और प्रियांशु राय का ग्रैजुएट इंजीनियर ट्रेनी पद पर 8 लाख पचास हजार के पैकेज पर चयन हुआ है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड बालेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रैजुएट इंजीनियर पद के लिए इन्होंने त्रिस्तरीय चयन प्रक्रिया में हिस्सा लिया।






लिखित परीक्षा में सर्वोत्तम अंक,ग्रुप डिस्कशन में अपने विचारों से एच आर मैनेजर को प्रभावित करने और इंटरव्यू के दौरान शानदार स्किल्स का परिचय देने की बदौलत तीनों स्टूडेंट का सिलेक्शन तय हुआ।अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड आदित्य बिड़ला ग्रुप में बी.टेक स्टूडेंट्स को कार्य अवसर पर पासआउट बैच 2025 की ख़ुशी नामदेव,मोहित कुमार पांडे और प्रियांशु राय ने बातचीत के दौरान बताया कि उन्हें यह अवसर मिलने से वह भविष्य में बेहतर कार्य करने के लिए कृत संकल्पित है। ड्रीम पैकेज 850000 हजार रुपए के पैकेज पर उन्हें मिली नियुक्ति पर परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। विश्वविद्यालय के प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी,कुलपति प्रो.बी.ए.चोपडे, सीमेंट टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर प्रो.जी.सी.मिश्रा,ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड बालेंद्र विश्वकर्मा ने चयनित स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दी हैं।अच्छे पैकेज पर हुए चयन के बाद तीनों स्टूडेंट्स ने विश्वविद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## मिचकुरिन के जंगल में भड़की आग, 3 हेक्टेयर जंगल स्वाहा

### वन विभाग की टीम ने चार की कड़ी मेहनत के बाद आग पर पाया काबू







सतना।

मिचकुरिन जंगल में शनिवार दोपहर करीब 2 बजे भीषण आग लग गई, जिससे तीन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र जल गया। आग इतनी तेजी से फैली कि सैकड़ों पेड़-पौधे नष्ट हो गए। वन विभाग की टीम ने फायर ब्लोअर और अन्य संसाधनों की मदद से तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**तीन घंटे की मशक्कत के बाद बुझी आग**

मझगवां वन रेंज के अंतर्गत आने वाले इस जंगल में आग की सूचना मिलते ही रेंजर पंकज दुबे के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। विभाग ने तत्काल फायर ब्लोअर,झाड़ियों की कटाई और अन्य संसाधनों का उपयोग कर आग को फैलने से रोका। वन विभाग के अनुसार,जंगल में इस समय बड़ी मात्रा में सूखी घास मौजूद है,जो बारूद की तरह काम कर रही है। थोड़ी सी चिंगारी भी तेजी से आग का रूप ले लेती है और हवा के चलते यह विकराल हो जाती है। इससे वन विभाग के कर्मचारियों और आसपास के गांवों के लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

## दो लाख से ज्यादा की अवैध शराब के साथ तस्करी के आरोप में युवक गिरफ्तार



सतना।

रामपुर बांकेलाल थाना पुलिस ने एक युवक को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से कुल 33 कार्टून में अलग-अलग तरह की कुल 296.640 लीटर कीमती-2,25,570 रुपए अवैध शराब अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब 1300 पाव बाम्बे व्हिस्की शराब 250 पाव 8 पीएम व्हिस्की 96 पाव एवं वाहन पिकप जप्त किया गया है। आरोपी का नाम विष्णुप्रताप सिंह परिहार उर्फ बेटू पिता स्व.रावेन्द्र सिंह परिहार उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम झांझर थाना रामपुर बाघेलान है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक संदीप चतुर्वेदी थाना प्रभारी थाना रामपुर बाघेलान,सउनि राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, आर विपिन शर्मा,आर अनूप मिश्रा,आर प्रवीण तिवारी,आर नीलेश यादव,आर मुन्ना सिंह,सैनिक इन्द्रपाल आदि शामिल रहे।

## सभी सोनोग्राफी सेंटरों का नियमित रूप से आकस्मिक निरीक्षण होगा

### पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट की जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

सतना।

(पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट) के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एलके तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न जिला सलाहकार समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि सतना और मैहर जिले में संचालित सभी 38 कार्यरत सोनोग्राफी सेंटरों का नियमित रूप से आकस्मिक निरीक्षण किया जाये। जिला सलाहकार समिति की बैठक में पदेन सदस्य जिला जनसम्पर्क अधिकारी राजेश सिंह,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल



विकास की ओर से सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी,अशासकीय सदस्य जिया अहमद राज,नोडल अधिकारी डॉ.भूमिका जगवानी,डॉ.सुनील पाण्डेय भी उपस्थित थे। जिला सलाहकार समिति की बैठक में निर्धारित एजेण्डा के अनुसार जिले में संचालित नर्सिंग होम और सोनोग्राफी सेंटर के संचालकों द्वारा आनलाईन रजिस्ट्रेशन में 7 आवेदकों द्वारा प्रस्तुत रिन्यूबल और संशोधन के प्रस्तावों का परीक्षण किया गया। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी आवेदकों के नर्सिंग होम और सोनोग्राफी सेंटर का मौके पर परीक्षण जिला सलाहकार समिति के माध्यम से कराया जाये। यदि इन सेंटरों द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार प्रोटोकाल और आवश्यक मानदण्डों का पालन करने की स्थिति में आगे की कार्यवाही की जाये। इसके अलावा जिले में संचालित सभी सोनोग्राफी सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण सतत रूप से समय-समय पर किया जाकर पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट का पालन सुनिश्चित कराये जाने का निर्णय भी लिया गया।

## महाविद्यालय नागौद में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



सतना।

शासकीय जलद त्रिमूर्ति महाविद्यालय नागौद में प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 फरवरी से 20 मार्च 20 25 तक आयोजित किया गया। जिसमें रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण व्यक्तित्व विकास एवं संप्रेषण कौशल प्रशिक्षण तथा कम्प्यूटर रिक्ल उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. (सेडमैप) एवं स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ,उच्च शिक्षा विभाग,भोपाल (म.प्र.) के संयुक्त तत्वाधान से आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत बीए, बीएससी, बीकॉम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के 43 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास एवं संप्रेषण कौशल तथा कम्प्यूटर स्किल प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जे.पी.शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम का संचालन डॉ.पंकज कुमार यादव द्वारा किया गया।




### अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जल दिवस मनाया गया

**सतना।** जल जीवन मिशन द्वारा सतना बाणसागर 2 समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत परियोजना क्रियान्वयन इकाई सतना के मार्गदर्शन में अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जल दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम कैमा कोठार,विकासखंड सोहावल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीण महिला,पुरुष और बच्चे सहभागी रहे। कार्यक्रम में जनपद सदस्य राजेश रावत,सचिव संतोष अहिरवार,सरपंच मनोज कोल एवं आशा आगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जल निगम से एमसीएम महादेव पटेल उपस्थित रहे। संस्था की तरफ से प्रोजेक्ट मैनेजर विनोद तिवारी,कम्युनिटी मोबिलाइजर रचना वर्मा,अनिल तिवारी और मोटीवेटर राहुल कोल उपस्थित रहे। एमसीएम महादेव पटेल ने कहा कि जैसे जैसे गर्मी बढेगी पानी का संकट भी बढता जाएगा। इसलिए अभी से जल का संरक्षण करें। जल संरक्षण करना हम सबकी जिम्मे दारी है। जल ही जीवन है। सभी ग्रामीणजनों ने जल संरक्षण हेतु संकल्प लिया और कार्यक्रम की सराहना की।

## बरही व विजयराघवगढ़ क्षेत्र में बारिश व ओले गिरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र के कई क्षेत्रों में बारिश होने से किसानों में चिंता व्याप्त हो गई है। बारिश से जहां गर्मी से राहत मिली वहीं किसानों के माथे में चिंता की लकीर देखी जा रही है। नगर सहित बंजारी, बरहटा, घुनौर, रजरवारा, धनेडी, परसवारा, कारीतलाई, खलवारा, कलहरा, देवरी .मझगवा, देवरा कला आदि ग्रामों के कृषकों द्वारा



जानकारी देते हुए बताया गया कि खेत में गेहूं और चने की फसल पककर तैयार है ऐसे में यदि बारिश होती है तो अधिक नुकसान उठाना पड़ेगा। दलहन फसल में अधिक नुकसान होने की संभावना है।

## विश्व जल दिवस पर जागरूकता अभियानः जल संरक्षण का लिया संकल्प

सतना।

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की परियोजना क्रियान्वयन इकाई रीवा के तत्वाधान में नगर परिषद मैहर के न्यू रामनगर में शनिवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण के महत्व और स्वच्छ पेयजल के स्वस्थ जीवन में योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता और उसके सही उपयोग और जल अपव्यय रोकने के उपायों से अवगत कराया गया। साथ ही मीटर से छेड़छाड़ न करने और अनावश्यक जल संग्रहण से बचने की अपील की गई। छात्र-छात्राओं ने भी जल संरक्षण का संकल्प लिया और अपने दैनिक जीवन में जल बचाने की आदत अपनाने का वचन दिया। इस आयोजन ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर जागरूकता बढ़ाने और जिम्मेदारीपूर्वक जल उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया।



# जमीन पन्ना की, पानी पन्ना का फिर भी पेयजल के लिए सर्वे हेतु पहाड़ीखेरा क्षेत्र को जोड़ने के लिए पन्ना विधायक, पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह को बार-बार सदन में करना पड़ा निवेदन



**पन्ना।** हालात पन्ना को लेकर केन-बेतवा लिंक परियोजना से जुड़ी हुई दास्ता पन्ना को कितना लाभ है यह सदन में भी उठने लगा। वहीं पेयजल के लिए भी किस तरह से हमारे पूर्व मंत्री पन्ना विधायक को अपनी बात विभागीय मंत्री के सामने रखना पड़े जबकि जमीन पन्ना की पानी पन्ना का फिर भी पेयजल के लिए सर्वे हेतु पहाड़ीखेरा क्षेत्र को जोडने के लिए अपनी बात को लेकर बार-बार समझाईस निवेदन के हालात चर्चा का विषय। आखिरकार पन्ना विधानसभा के जागरूक विधायक ने अपनी बात मनवाने को लेकर सदन में हां तो कराई माननीय मंत्री जी से। केन-बेतवां लिंक परियोजना को लेकर मध्यप्रदेश की विधानसभा में स्वयं पन्ना विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट जी से पहाड़ीखेड़ा क्षेत्र को पेयजल प्रदान करने को लेकर सर्वे में जोड़ने के लिए निवेदन व समझाईस जोरदार तरीके से अपनी बात रखी। मामला पन्ना जिले से जुड़ा हुआ है जहां स्वयं पन्ना विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बेबाकी के साथ अपनी ही सरकार के सामने जमीन पन्ना की पानी पन्ना का गुजारिस की आखिरकार पहाड़ीखेड़ा क्षेत्र जो नजदीकी बताते हुए सर्वे में जोड़ने को लेकर वहीं केन-बेतवा लिंक परियोजना में पूर्व से ही पन्ना जिले को लाभ को लेकर कई बार मीडिया ने जानने की जनप्रतिनिधियों से कोशिश की आखिरकार पन्ना जिले को कितना लाभ होगा लेकिन वही हालात आज भी सदन तक गूंजने लगे प्रश्नों के रूप में अपने क्षेत्र पन्ना विधानसभा के पहाड़ीखेड़ा क्षेत्र के लिए पेयजल हेतु सर्वे में जोड़ने के लिए किस तरह से हमारे जनप्रतिनिधि को अपनी बात रखनी पड़ी मंत्री जी से। हमारे जिले की जमीन व पानी दोनों ले रहे है फिर भी पेयजल के लिए हमारे पूर्व मंत्री पन्ना विधायक के बार-बार कहने पर जोड़ने के लिए स्वीकारना सदन में स्वमेव मीडिया की सुर्खियां सोशल मीडिया में बयां हो रही है आखिरकार जहां पन्ना जिले से बहने वाली केन नदी से पानी लिया जा रहा है। दसों हजार हेक्टर जमीन भी जा रही है। फिर भी पेयजल प्रदान करने के लिए भी सरकार को हमारे लिए सोचना पड़ रहा है। यह हालात वास्तविकता की पोल खोल रहे है केन-बेतवां लिंक परियोजना को लेकर वह तो जागरूक जनप्रतिनिधि के रूप में पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने अपनी बात आंकड़े सहित रखते हुए विधानसभा अध्यक्ष व सदन के सामने मंत्री जी से रखी। अंततः मंत्री जी ने पहाड़ीखेड़ा क्षेत्र को सर्वे में जोड़ने के लिए हां कह दी। यह हमारे विधायक की कोशिश के बावजूद सामने आया है। वरना हमारा पानी भी जा रहा है हमारी जमीन भी जा रही है फिर भी पेयजल देने में यहां सोचना पड़ रहा है यह हालात पन्ना जिले को लेकर केन-बेतवां लिंक परियोजना से जुड़ी हुई है। लाभ की दास्ता को बयां कर रहा है आखिर सर्वे में पेयजल प्रदान करने के लिए भी जोड़ने के लिए मसक्कत करनी पड़ रही है। पेयजल मिलेगा की नहीं यह तो अभी भविष्य ही तय करेगा साथ ही सिंचाई की दास्ता भी डेम बनने के बाद कैनाले बनने के बाद किस तरह से कारगर होगा यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा। केन-बेतवां लिंक परियोजना से पन्ना जिले का भविष्य कितना संवरेगा या बिखरेगा। यह भी वक्त के साथ ही आने वाले समय में ही जाना जायेगा। यहां अब पन्ना की जनता की बारी है जो जागरूकता का परिचय देते हुए केन-बेतवां लिंक परियोजना को लेकर अपना पानी पहले पेयजल व्यवस्था हमारी बनने वाली विद्युत से पन्ना जिले को मुफ्त में विद्युत तथा सिंचाई सुविधा को लेकर संवेदनशीलता के साथ भविष्य को ध्यान में रखकर स्वयं आगे आकर केन-बेतवा लिंक परियोजना के निर्माण के पहले ही जानने की पुरजोर कोशिश करना चाहिए ताकि जहां पन्ना जिले से जमीन जा रही है वहीं पन्ना जिले से बहने वाली केन नदी का पानी भी जो जा रहा है उसका पहला हक हमारा है कब तक अन्याय पन्ना के साथ होता रहेगा। पहले यूपी को पेयजल व सिंचाई के लिए बरियारपुर डेम से पानी दिया जा रहा है अजयगढ़ तहसील के किसान आज भी वंचित है। सिंचाई के लिए वहीं छतरपुर के लिए भी बाईंतट राजनगर के लिए कैनाल निकाली गई फिर भी चुप रहे अब मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश के कई जिलों को केन नदी का पानी केन बेतवां लिंक परियोजना के माध्यम से लाभांवित किया जा रहा है। फिर भी पन्ना के लिए एहसान जताया जा रहा है पेयजल के रूप में आखिर यह अन्याय नहीं तो क्या? पन्ना की जनता को आगे आना होगा पक्ष व विपक्ष के जनप्रतिनिधियों को जागना होगा तभी पन्ना का हक मिलने के आसार तय होगें।

## खबर संक्षेप

### चंद्रपाल सिंह परमार बने भारत सरकार के पैनल लायर



**पवई।** पवई क्षेत्र की मिट्टी के सपूत उच्च न्यायालय जबलपुर के होनहार अधिवक्ता चंद्रपाल सिंह परमार को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय हेतु भारत सरकार के पैनल लायर के रूप में तीन वर्ष के लिए नियुक्त किया गया है। श्री परमार मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में केंद्रीय अभिकरण तथा भारत सरकार की संस्थाओं के लिए पेरवी करेंगे. पूर्व में भी श्री परमार मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पैनल अधिवक्ता के रूप में कार्य कर चुके हैं श्री परमार मूलत पवई के नजदीक ग्राम खमरिया के निवासी हैं तथा पूरे क्षेत्र आंचल में उनकी वकालत के चर्चे रहते हैं तथा उच्च न्यायालय में भी क्षेत्र के लोगों का सहयोग हमेशा करते चले आ रहे हैं उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र ईस्ट मित्रों मैं खुशी का माहौल है तथा बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है जिसमें प्रमुख रूप से पवई बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश नगायच, ने समस्त अधिवक्ताओं की ओर से बधाई दी, वहीं पन्ना एवं अजयगढ़ वार एसोसिएशन द्वारा श्री परमार की नियुक्ति पर उनको बधाई दी गई।

### ग्राम खोरा में आज होगा बुंदेली फागों का जवाबी मुकाबला

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत बागै नदी के किनारे बसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक ग्राम खोरा में बुंदेली फागों का जवाबी मुकाबला आज 23 मार्च 2025 को होने जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन युवा शक्ति संगठन के तत्वाधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक शुभम सिंह राजपूत ने बताया कि विजेता टीम को 5100 रुपए की इनामी राशि एवं स्मृति चिन्ह से पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा। वहीं द्वितीय पुरस्कार के रूप में 2100 रुपए की राशि निर्धारित की गई है। इसके अलावा अन्य सभी टीमों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा, इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह बताया जा रहा है। युवा शक्ति संगठन के द्वारा अधिक से अधिक बुंदेली फाग प्रेमियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

### सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक सोमवार को

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार, 24 मार्च को जिला स्तरीय अनुसूचित जाति-जनजाति सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक होगी। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगी। जिला संयोजक आर.के. सतनामी द्वारा संबंधितजनों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### रामनवमीं पर होगा प्राकट्य पर्व का आयोजन

**पन्ना।** संस्कृति विभाग द्वारा इस वर्ष भी श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर एक दिवसीय प्राकट्य पर्व का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने रविवार, 6 अप्रैल को रामनवमी पर्व पर पन्ना नगर के श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में प्रस्तावित कार्यक्रम एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को प्राकट्य पर्व का नोडल अधिकारी बनाया है।

# अजयगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध कट्टा लिए घूम रहे आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

## आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा व 2 जिंदा कारतूस जप्त



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस.थोटा के निर्देशन ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजयगढ़ आरएस भदौरिया एवं थाना प्रभारी अजयगढ बखत सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी चंदौरा आनंद मोहन मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 22 मार्च 2025 अबैध कट्टा कारतूस लिये एक आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जिला में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए अबैध अस्त्र शस्त्रो के निर्माण ,भण्डारण एवं विक्रय करने वाले आरोपियों के विरूध्द वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार जिला के समस्त थाना एवं चौकी स्तर पर पुलिस टीमो गठित की गई हैं इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी अजयगढ़ श्री बखत सिंह के द्वारा चौकी प्रभारी चंदौरा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप दिनांक 22/3/2025 को चौकी प्रभारी चंदौरा सउनि आनंद मोहन मिश्रा को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम खरौनी से चंदौरा तरफ पैदल जा रहा है जो अबैध कट्टा कारतूस रखे है सूचना तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर मुखबिर के बताये हुलिया अनुसार संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी करके पुलिस अभिरक्षा में लेकर नाम पता पूंछने पर उसने अपना नाम संतोष सिंह चौहान पिता मलखान सिंह चौहान निवासी खरौनी का होना बताया पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उक्त व्यक्ति के कमर के बायीं तरफ सर्ट पेंट के अंदर एक अबैध 315 बोर का देशी कट्टा व बायें पेंट की जेब में दो नग जिंदा कारतूस पाये गये जिसे विधिवत जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है मामले में आरोपी के विरूध थाना अजयगढ़ में अपराध क्र. 156/2025 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट पंजीबध्द किया जाकर विवेचना में लिया गया है ।

**जप्त सामग्री-**
पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक अबैध देशी कट्टा एवं दो अदद जिंदा कारतूस कीमती 3900/- रूपये के जप्त किये गये हैं ।

**गिरफ्तार आरोपी -**
संतोष सिंह चौहान पिता मलखान सिंह चौहान उम्र 40 साल निवासी ग्राम खरौनी

**सराहनीय योगदान -**
निरीक्षक बखत सिंह थाना प्रभारी अजयगढ़ ,सउनि आनंद मोहन मिश्रा चौकी,आरक्षक-राजू साहू , विनोद कुमार, विजय सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर दो उचित मूल्य दुकान निलंबित

पन्ना। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत पन्ना नगर के वार्ड क्रमांक 23 मोहनपुरवा एवं वार्ड क्रमांक 24 गहरा में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान को खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के सुचारू क्रियान्वयन एवं दुकान में संलग्न हितग्राहियों को राशन सामग्री की सुगम उपलब्धता के दृष्टिगत मोहनपुरवा दुकान के हितग्राहियों को वार्ड नंबर 13, 14 की दुकान से तथा गहरा दुकान के हितग्राहियों को वार्ड नंबर 25 कुंजवन की दुकान से संलग्न किया गया है।

इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जारी आदेश में उल्लेखित है कि जिला थोक उपभोक्ता भण्डार पन्ना द्वारा मोहनपुरवा में संचालित दुकान एवं वंदे मातरम स्वसहायता समूह द्वारा गहरा में संचालित दुकान के संबंध में भी म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 में वर्णित प्रावधान के तहत प्रत्येक माह की एक तारीख से नियमित खाद्यान्न वितरण के निर्देश दिए गए थे। साथ ही जिला कलेक्टर द्वारा प्रत्येक माह की 4, 5 एवं 6 तारीख को अन्न उत्सव आयोजित कर अधिकाधिक पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण के निर्देश जारी किए गए हैं। गत 10 मार्च की स्थिति में मोहनपुरवा दुकान में संलग्न 203 परिवारों के विरूद्ध मात्र 10 परिवारों तथा गहरा दुकान में संलग्न 238 परिवरों के विरूद्ध मात्र 6 परिवारों को खाद्यान्न सामग्री का वितरण पाया गया। वितरण मात्रा अत्यंत कम पाए जाने पर मोहनपुरवा दुकान की संस्था के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेन्द्र यादव और विक्रेता राजेश शर्मा तथा गहरा दुकान के समूह की अध्यक्ष संगीता साहू एवं विक्रेता उमा साहू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन मोहनपुरवा दुकान के संचालक द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं करने तथा विक्रेता व गहरा समूह की अध्यक्ष व विक्रेता का जवाब समाधानकारक नहीं पाए जाने पर दुकान निलंबन की कार्यवाही की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी को उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न के कम वितरण पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के पुनः निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही हितग्राहियों को अविलंब राशन सामग्री वितरण सुनिश्चित कराने तथा 24 मार्च को समक्ष में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया गया है अन्यथा जिला कलेक्टर को अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव भेजा जाएगा।



# डॉ. सुरेंद्र पिंपले को तीसरी पुण्यतिथि पर किया याद

## उनके चाहने वालों ने दी श्रद्धांजलि

**पन्ना।** देवेंद्रनगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र पिंपले की तीसरी पुण्यतिथि पर आज उनके निवास स्थान पर उनके चाहने वालों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. पिंपले ने लगभग चार दशकों तक गरीबों का निरूस्वार्थ इलाज किया। उन्होंने कभी पैसे के लिए चिकित्सा नहीं की और उनकी मुस्कान ही मरीजों के लिए सबसे बड़ी दवा बन जाती थी। उनका अनोखा तरीका था दृ चाहे वे बच्चे हों, बूढ़े हों या जवान, वे सभी के साथ हंसी-मजाक करते हुए, प्यार भरी गालियां देते हुए उनका इलाज करते थे। उनका हाथ ऐसा जादू करता था कि बिना दवाइयों के भी मरीज स्वस्थ हो जाते थे ,और उन्हें श्वरदानीश के नाम से पुकारा जाता था। डॉ. सुरेंद्र पिंपले देवेंद्रनगर और देवेंद्रनगर के आसपास के क्षेत्रों में एकमात्र ऐसे जानकार डॉक्टर थे, और कभी भी उनके समय मरीजों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। वे समाज सेवा में हमेशा सक्रिय रहते थे और खेलकूद को बढ़ावा देते थे। वे सरस्वती शिशु मंदिर के कई बार व्यवस्थापक और अध्यक्ष भी रह चुके थे। उनकी मिलनसारिता, समाज सेवा, और कुशल नेतृत्व का योगदान देवेंद्रनगर के लिए हमेशा अमूल्य रहेगा और उन्हें उनके चाहने वाले हमेशा याद करते रहेंगे।

# ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति भुजवाई ने मनाया विश्व जल दिवस

## ग्राम के विकास का लिया निर्णय

**पन्ना। जनपद पंचायत अजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम भुजवाई ग्राम पंचायत प्रतापुर ,अजयगढ में आज समर्थन संस्था एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के संयुक्त तत्वाधान में विश्व जल दिवस मनाया गया। ग्राम के आदिवासी टोले में जामुन के पेंड़ के नीचे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पानी समिति के सदस्य,गांव के युवा एवं महिला पुरूष ने भागीदारी की। समर्थन से फरीदा बी,रोहिनी सिंह, हरेन्द्र सिंह, दीपक,लखन, विकास ने सहयोग किया।**




**जागरूकता रैली -**

पंचायत मित्र वंदना सिंह,संगीता अहिरवार ,शुशील सेन, रामशुभाष नै ई केवायसी एवं पानी एवं स्वच्छता एवं पानी समिति के सदस्यो ने रैली निकालकर ग्रामीणो को जागरूक किया। गांव के अरविन्द सिंह लोकेन्द्र सिंह,गनेश नें कार्यक्रम में सहयोग किया। नीर, नारी, नदी नरायण, नरायण, नरायण के नारो से गूंजा गांव। जल है तो जीवन हे। पानी बचाये,जीवन बचाये जल संरक्षण के नारे लगाये। स्टापडेम में पानी भराव कृ समर्थन संस्था ने रून्ज नदी में वर्षो से वने स्टापडेम में गेट लगवा दिया जिससे पानी भरा होने से नहाने कपड़ा,पशु पंक्षी को पानी मिल रहा ग्रमीणो ने जल दिवस पर ऐसे कार्य सभी जगह हो खुशी जाहिर की। कार्यक्रम का संचालन समर्थन से ज्ञानेन्द्र तिवारी एवं पंचायत मित्र वंदना सिंह ने किया।

**लिये गये निर्णय -**

समिति ने निर्णय लिया की गांव की सफाई एवं जलकर के रूप में 70 रूपये प्रतिवार जिसमें 60 रू जलकर एवं 10 रूपये सफाईकर जिससे गांव साफ सुधरा रह सके। समिति ने कहा की गांव के कुआं मोहल्ले से एक ही लाईन में ज्यादा कचरा होता है दूकानदार को भी हिदायत दी गई की आप कचरादान रखे। कचरे में पांलीथीन से नाली चोक हो रही है। पेयजल चालू करना का भी निर्णय लिया गया। समिति के सचिव श्यामविहारी कुशवाहा ने कार्यवाही एवं निर्णय में सहयोग किया। समिति सदस्य चंचल वंशकार,रामकली वंशकार,श्रीमती सुदामा गोंड,वंदना सिंह, शामिल रहे।

# सड़क पार करते वक्त तेज रफ्तार बाइक चालक ने मारी थी टक्कर, मामला दर्ज



**अमानगंज।** अमानगंज पन्ना मुख्य सड़क मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास एक युवक जब सड़क पार करके घर में प्रवेश कर रहा था तो उसी वक्त अमानगंज तरफ से पन्ना की ओर जा रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसे टक्कर मारी जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हुआ और बाइक चालक मौके से भाग गया। घटना स्थल पर उपस्थित रहे लोगों ने उसकी बाइक नंबर भी देखा और घायल को बताने के साथ ही घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस थाना को दी। युवक जब गंभीर रूप से घायल हुआ तो प्राथमिक उपचार के बाद उसे बाहर ले जाया गया और घटना के तकरीबन 11 दिन बाद आज पुलिस थाना मुख्यालय अमानगंज पहुंचा और घटना की जानकारी देते हुए। घटना में घायल फरियादी युवक साहिल बागरी पिता राजू बागरी निवासी मैहगुवा खुर्द ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी राजेश प्रजापति निवासी विक्रमपुर ने उसे घटना दिनांक 3 मार्च को टक्कर मारी थी और मौके से भाग गया था । फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ और उसकी पताशाजी में स्थानीय पुलिस जुट गई ।

# अधिवक्ता के घर से लाखों की चोरी नगदी तथा आभूषण चुरा कर ले गये चोर

**पन्ना। देवेंद्र नगर थाना अंतर्गत ग्राम खिरवा टोला निवासी अधिवक्ता दीपेंद्र बागरी पिता बिहारी लाल बागरी के घर में रखी पेटी को अज्ञात चोर चुरा कर ले गए और उसका ताला तोड़कर सोने का रानीहार सोने का अंगूठी एनाक की कीलए मनचली साहित सोने के अन्य आभूषण चोरी कर ले गए हैं। इसके साथ ही ४ चार जोड़ी चांदी की पायल एवं अन्य आभूषण चोरी किये गये तथा दस हजार रूपये नगद भी चोरी हुये है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिवक्ता दीपेंद्र बागरी के घर पर एक गोदरेज अलवारी एवं दो संदूक पेटी रखी हुई ए जिममें से चोरों द्वारा संदूक पेटी के घर पर ही ताले तोड़कर पूरा सामान की तलाशी ली गई और जो सोने चांदी के आभूषण रखे थे उन्हें चोरी कर लिया गया है। गोदरेज अलमारी को उठाकर खेत की ओर ले गए जहां पर उसकी लॉकर तोड़कर उसके अंदर रखा कीमती सामान चोरी कर लिया गया है। घटना की जानकारी जब आज दिनांक 22 मार्च 2025 को सुबह दीपेंद्र बागरी को प्राप्त हुई तो वह थाना देवेंद्र नगर पहुंचे और घटना की शिकायत उनके द्वारा दर्ज कराई गई है। अब देखना है कि थाना देवेंद्र नगर पुलिस इस चोरी की वारदात की घटना का पर्दाफाश कर पाती है या पहले की तरह ही खुलासा करने के बात करती रहेगी।

## खबर संक्षेप



### अवैध कट्टा के साथ पकड़ा गया आदतन अपराधी टीपू करिया

छतरपुर। थाना कोतवाली पुलिस को रात्रि रोड पेट्रोलिंग के दौरान बड़ी बगराजन तिराहे के पास अवैध हथियार संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची संदेही ने भागने का प्रयास किया जिसे रोक कर तलाशी ली गई, आरोपी के पास से 315 बोर का देसी कट्टा जप्त किया गया। अवैध हथियार जप्त कर आरोपी टीपू करिया उर्फ अरशद खान पिता जमाल खान निवासी सबनीगर मोहल्ला छतरपुर थाना कोतवाली के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। आदतन अपराधी टीपू करिया उर्फ अरशद खान के विरुद्ध हत्या का प्रयास, डकैती की तैयारी, अवैध हथियार, अवैध शराब जैसे 15 अपराध पूर्व से दर्ज हैं। अवैध हथियार के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है।

### हिनौता पुलिस ने धारदार हथियार सहित आरोपी को पकड़ा



छतरपुर। हिनौता थाना पुलिस द्वारा शनिवार की दोपहर क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम कमलपुरवा में अवैध धारदार हथियार की सूचना प्राप्त हुई, पुलिस टीम संबंधित स्थान पर पहुंची ग्राम कमलपुरवा में एक दुकान के पास मार्ग में एक संदेही घूम रहा था जिसकी तलाशी ली गई, संदेही के पास से एक अवैध धारदार हथियार लोहे का गड़ासा जप्त किया गया। आरोपी कैलाश पटेल पिता गिरधारी पटेल निवासी ग्राम कमल पुरवा थाना हिनौता के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी कैलाश पटेल मारपीट के दो अपराध में पूर्व से लिप्त है।

### एनटीपीसी विंध्याचल को प्रभावशाली मानव संसाधन प्रैक्टिसेस के लिए 'स्टार्स ऑफ द इंडस्ट्री' अवार्ड से किया गया सम्मानित

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल को इसके नवाचारपूर्ण मानव संसाधन प्रैक्टिसेस के लिए 'स्टार्स ऑफ द इंडस्ट्री' अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान को पाकर यह स्टेशन अपने कर्मचारियों के लिए एक सकारात्मक कार्य संस्कृति और कर्मचारियों की सहभागिता को बढ़ावा देने में अपनी शानदार प्रतिबद्धता को मान्यता प्राप्त करता है। इस स्टेशन ने रणनीतिक कार्यबल योजना, नेतृत्व विकास कार्यक्रम, समावेशी समारोह और गहरे प्रशिक्षण अनुभवों को एकीकृत किया है और एआई आधारित सहभागिता और प्रतिक्रिया प्रणाली से कार्य को और भी बेहतर बनाया है, जिसके चलते यह एक गतिशील और समावेशी कार्यस्थल बना है। नियमित कर्मचारी संवाद मंच, कल्याण पहल और डिजिटलीकरण के प्रयासों ने भी इस स्टेशन की कर्मचारी-पहल दृष्टिकोण को और मजबूत किया है। इसके अलावा, इसकी मानव संसाधन रणनीतियां कर्मचारियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने संविदा कर्मचारियों, हितधारकों और समुदाय को भी अपने प्रयासों में शामिल किया, जिससे समग्र विकास और सशक्तिकरण संभव हुआ। इन पथ-प्रदर्शक प्रयासों के लिए इस स्टेशन को मानव संसाधन में नवाचारी प्रैक्टिसेस' श्रेणी में 'स्टार्स ऑफ द इंडस्ट्री अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान होटल एम्बेसडर, नई दिल्ली में 21 मार्च 2025 को आयोजित एक सम्मान समारोह में दिया गया, जहां यह अवार्ड श्रीमती मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) ने एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से ग्रहण किया।

# कार्यशाला में शोधार्थियों को उन्नत ऑनलाइन संसाधनों के उपयोग में दक्ष बनाने दी ट्रेनिंग

**छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के आईटी सेल विभाग द्वारा ऑनलाइन लाइब्रेरी का उपयोग कैसे करें विषय पर आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के पाँचवे दिवस पर शोध कार्य की दिशा में सत्र संपन्न हुआ। कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी के संरक्षण में तथा पीएम ऊषा योजना के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य शोधार्थियों और विद्यार्थियों को उन्नत ऑनलाइन संसाधनों के उपयोग में दक्ष बनाना है।**

कार्यशाला के पाँचवे दिवस के मुख्य वक्ता डॉ. के. बी. अहिरवार, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी एमसीबीयू, छतरपुर (म. प्र.) ने मंच की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पुष्प अर्चना के साथ हुआ, तत्पश्चात अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।



आईसीएसएसआर के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि शोधार्थी एवं विद्यार्थी साहित्यिक चोरी के प्रकार एवं उससे बचने के उपायों के बरीकियों को विस्तार से बताया। द्वितीय सत्र में विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देने के साथ-साथ फीडबैक लिया गया। शोधार्थियों एवं विद्यार्थीयों ने ऑनलाइन संसाधनों तथा वेबसाईट से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं को साझा किया और विशेषज्ञ से मार्गदर्शन प्राप्त किया। तृतीय सत्र में विद्यार्थियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें उन्हें शोध नैतिकता के बारे में बताया जिसमे विद्यार्थीयों को ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता के तरीकों को विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम संयोजक हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि आज की यह कार्यशाला छात्रों और शोधार्थियों के लिए बहुत ही सार्थक सिद्ध होगा, जहाँ वे शोध कार्य एवं साहित्यिक चोरी के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इस कार्यक्रम के सफल संचालन में राजकुमार विश्वकर्मा, कुलदीप पाठक, दीप्ति खरे, अंकित शुक्ला, प्रीति वर्मा, सरिफ्ता बानो, ब्रजेश चतुर्वेदी, राहुल अग्रहरि और अनिल पटेल का विशेष योगदान रहा। साकेत सोनी, नरेश राजपूत, अदिति सुहाने और सोविंद रैकवार ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। विभाग के सभी शिक्षकों ने शोधार्थियों और विद्यार्थियों से इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति वर्मा द्वारा किया गया।

## नहीं थम रहा कुलगुरू का विरोध

# छात्र नेताओं ने किया सद्बुद्धि यज्ञ, इस्तीफे की मांग

छतरपुर।



महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की कुलगुरू प्रो. शुभा तिवारी द्वारा पिछले दिनों ओरछा में दिए गए वक्तव्य के दौरान भगवान श्रीराम और माता सीता पर की गई टिप्पणी का विरोध लगातार जारी है। बीते रोज जहां कांग्रेस युवा सेवा दल और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कुलगुरू के विरोध में प्रदर्शन किया था तो वहीं शनिवार को विश्वविद्यालय के अन्य छात्र नेताओं ने भी उनका विरोध किया है।

छात्र नेताओं ने विश्वविद्यालय परिसर में सद्बुद्धि यज्ञ करते हुए ईश्वर से कुलगुरू को सद्बुद्धि देने की कामना की और साथ ही कुलगुरू इस्तीफा देने की मांग उठाई। छात्र नेता सत्येन्द्र शर्मा ने कहा कि कुलगुरू प्रो. शुभा तिवारी द्वारा हमारे आराध्य के लिए जो बातें कहीं गईं वे किसी भी सूरत में बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। इस मौके पर छात्र नेता मोहित ठाकुर, अनिरुद्ध सोनी, सत्यम चतुर्वेदी, आयुष तिवारी, सुनील यादव, राज शिवहरे, संतोष कुशवाहा, महेन्द्र शर्मा, मयंक अरजरिया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# कृष्ण जन्मोत्सव के कथा में झुमे भक्त, गाए बधाई गीत




छतरपुर। सिटी कोतवाली के पीछे वार्ड नंबर 28 में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन कथा व्यास पंडित अनिल कुमार शास्त्री ने वामन अवतार और भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में उपस्थित श्रोताओं ने जमकर नृत्य किया और बधाई गीत गए। आयोजन समिति के गिरजा पाटकर ने बताया कि चौथे दिन की कथा में भगवान वामन अवतार और श्रीकृष्ण के जन्म की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। मुख्य यजमान पवन-कीर्ति सोनी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कथा सुनी। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान जमकर आतिशबाजी हुई और मिठाइयां बांटी गई।

## सूने घर से लाखों की संपत्ति ले उड़े चोर

# फरियादी ने पुलिस से लगाई चोरों को पकड़ने की गुहार

छतरपुर

सिविल लाइन थाना क्षेत्र की सिंचाई कॉलोनी में रहने वाले शर्मा परिवार के सूने घर से लाखों की संपत्ति चोरी होने का मामला सामने आया है। फरियादी ने पुलिस से चोरों को पकडने और चोरी हुई संपत्ति वापिस दिलाने की गुहार लगाई है।

सिंचाई कॉलोनी निवासी अमित कुमार शर्मा ने बताया कि वह कपड़े का व्यापार करते हैं। पिछले दिनों वह अपने पैत्रिक ग्राम बम्हौरी गए हुए थे तभी रात के वक्त अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और नगदी सहित करीब 10 लाख की संपत्ति चोरी कर ली। सुबह पड़ोसी ने अमित को फोन पर चोरी की सूचना दी जिसके बाद अमित वापिस लौटे और घर का मुआयना करने के बाद सिविल लाइन थाना में शिकायत दर्ज कराई। अमित का कहना है कि उसे कुछ लोगों पर संदेह है जिनकी जानकारी सिविल लाइन पुलिस को दी है लेकिन अभी तक पुलिस ने संदेहियों से पूछताछ नहीं की। अमित की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धारा



331(4), 305 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया

# विश्व जल दिवस पर प्रताप सागर तालाब की हुई सफाई

छतरपुर

शहर के प्रताप सागर तालाब में विश्व जल दिवस के अवसर पर परमार्थ संस्था के अध्यक्ष संजय सिंह द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें परमार्थ संस्था के पदाधिकारी, जल सहेलियों, राष्ट्रीय चेतना विकास मंच के सदस्यों ने श्रमदान किया।

संस्था के परियोजना समन्वयक अपूर्वा मिश्रा और मुनीन्द्र सिंह के साथ पूर्व सीएमओ व स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डीडी तिवारी, पूर्व सीएमओ जगदीश मिश्रा, पूर्व बैंक प्रबंधक राकेश शर्मा, पूर्व सहायक संचालक, अशोक पांडे, पतंजलि योग समिति की महिला प्रमुख किरण मिश्रा ने जल सहेलियों के साथ श्रमदान से सफाई की। नगरपालिका के वाहन में कचरा भर कर कचरा प्रसंस्करण केंद्र भेजा गया।



पूर्व मुख्य नगरपालिका अधिकारी डीडी तिवारी ने जल सहेलियों, राष्ट्रीय चेतना विकास मंच के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों को बूंद-बूंद पानी बचाने, नदी-तालाबों, जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने, गंदगी डालने बालों को रोकने-टोकने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जल सहेली रामजानकी, सीमा, शिवा, रामकुंवर, रीता, ज्ञानवती, उमावती उपस्थित रहीं।

# लड़की के साथ भागा युवक, माता-पिता को मिल रही धमकी

छतरपुर



महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरा का रहने वाला एक युवक करीब डेढ़ वर्ष पूर्व अपने रिश्तेदार की बेटी के साथ भाग गया था, जिसके बाद लड़की के परिजन लड़के के माता-पिता को परेशान कर रहे हैं। शनिवार को परेशान माता-पिता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर अपनी फरियाद सुनाई है।

आवेदन देने आई रामदेवी अनुरागी ने बताया कि अक्टूबर 2023 में उसका पुत्र अखिलेश, गांव में ही रहने वाले रिश्तेदार की बेटी के साथ भाग गया था, जिसके बारे में परिवार को कोई जानकारी नहीं है। रामदेवी के मुताबिक लड़की के परिवार वाले तभी से लगातार उसे तथा उसके पति को परेशान कर रहे हैं। जब अखिलेश घर से भागा था, तब लड़की के घरवालों ने उनके साथ मारपीट भी की थी, जिसकी शिकायत महाराजपुर थाना में दर्ज है। पुलिस द्वारा इस शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी, जिस कारण से लड़की के परिवार वालों द्वारा आज भी धमकियां दी जा रही हैं। एसपी ऑफिस में आवेदन देकर रामदेवी ने कार्रवाई की मांग की है।

# अज्ञात कारणों से गुमटी में लगी आग



चंदला। कस्बे की बड़ी फील्ड के पास मौजूद चाय-पान की गुमटी में बीती रात अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। रात करीब 12 बजे हुई घटना की जानकारी जैसे ही गुमटी संचालक महिला पूनम साहू को मिली, वैसे ही उसने मौके पर जाकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस और दमकल मशीन ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक गुमटी रखा फ्रिज, पेप्सी और किराने का सामान जलकर खाक हो गया था। महिला ने बताया कि उसे करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है, उसने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# असाटी समाज महिला मंडल का होली मिलन संपन्न

ईशानगर।

नगर के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर ईशानगर में असाटी समाज महिला मंडल की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में असाटी समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया, सभी ने गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। अतिथियों का अभिनंदन कर महिला असाटी समाज की महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर आनंदपूर्वक स्वागत किया।

असाटी समाज महिला अध्यक्ष श्रीमती गीता असाटी ने कहा कि होली आपसी



वैमनस्यता को भुलाकर उमंग और उल्लास का त्यौहार है। समाज का मिलन समारोह है ऐसे कार्यक्रम करने से समाज व सभी को एक साथ करना हमारा उद्देश्य है कि असाटी महिला मंडल विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहें। होली के मनमोहक कार्यक्रम में होली गीत पर महिलाओं ने जोरदार नृत्य किया और प्रचलित फगुआ गीत गाया। रंगोत्सव में अबीर, गुलाल और फलाहार, ठंडाई के साथ महिलाओं ने जमकर हास परिहास किया। होली मिलन कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष श्रीमती गीता असाटी, बंदना असाटी, मेघा असाटी, गंगा असाटी, शशि असाटी, अनीता असाटी, सपना असाटी, रोशनी असाटी, नैंसी असाटी, सपना असाटी, नीतू असाटी, पूजा असाटी, संगीता असाटी, सोनम असाटी सहित असाटी समाज की महिलाएं रहीं।

# बाल हृदय जांच एवं निवारण हेतु नन्हा-सा-दिल-एनसीएल पहल का हुआ शुभारंभ

**राष्ट्र के साथ-साथ अब दिलों को भी ऊर्जा देगी एनसीएल**

**परिक्षेत्र में दिल की बीमारियों से पीड़ित बच्चों को एनसीएल देगी निः शुल्क नवजीवन का उपहार'**

**सिंगरौली। शनिवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने जन्मजात हृदय रोग से पीड़ति बच्चों की जीवन रक्षक सर्जरी हेतु "नन्हा-सा-दिल" पहल का शुभारंभ किया।**

इस दौरान कंपनी के मुख्यालय में आयोजित कर्यक्रम के दौरान सीधी-सिंगरौली के माननीय सांसद, डॉ. राजेश मिश्र बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर सीएमडी एनसीएल बी. साईराम, निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन), जितेंद्र मलिक, सत्य साईं हेल्थ **एंड एजुकेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी-** विवेक गौर, रविकिरण श्रीपद, एनसीएल मुख्यालय से महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष तथा अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

निराशा के बीच से नवजीवन की आशा अंकुरित करने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा प्रोजेक्ट "नन्हा सा दिल" के लिए एनसीएल ने सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल के साथ मिलकर बच्चों के जीवन रक्षक हृदय शल्य चिकित्सा के लिए हाथ बढ़ाया है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सीधी-सिंगरौली के माननीय सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के साथ मिलकर एनसीएल ने 'बाल हृदय जाँच और निवारण ' की दिशा में सार्थक कदम उठाया है जो सराहनीय है । इस अभिनव प्रयास से परिक्षेत्र में दिल की बीमारियों से पीड़ति बच्चों को निः शुल्क नवजीवन का उपहार मिलेगा। उन्होने यह भी कहा कि एनसीएल अब देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ साथ दिलों को भी ऊर्जा प्रदान करेगी । इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम ने कहा कि एनसीएल राष्ट्र को ईंधन देते हुए परिधीय समुदाय के समग्र विकास हेतु कटिबद्ध है। उन्होने कहा कि प्रोजेक्ट 'नन्हा सा दिल' के मूल में मानवता और करुणा है। 'नन्हा सा दिल' पहल पर प्रकाश डालते हुए उन्होने कहा कि इससे परिक्षेत्र को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नव आयाम मिलेगा।

**इस दौरान सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी विवेक गौर ने प्रोजेक्ट "नन्हा-सा-दिल-एनसीएल" का संक्षिप्त परिचय रखा।**

"नन्हा-सा-दिल-एनसीएल" सीएसआर परियोजना के तहत एनसीएल ने सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के साथ एमओयू किया है जिसमें एनसीएल द्वारा सिंगरौली परिक्षेत्र में जन्मजात हृदय रोग-कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज (सीएचडी) से पीड़ित बच्चों के लिए 345 स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इन शिविरों के माध्यम से एनसीएल ने 17000 से अधिक बच्चों की हृदय रोग जांच का लक्ष्य रखा है तदुपरान्त आवश्यकतानुसार इको विश्लेषण और आगे उपचार हेतु विशेष रूप से स्थापित डायग्नोस्टिक सेंटर में भेजा जाएगा। इसके बाद हृदय रोग की पुष्टि होने पर मरीज बच्चों को सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के अस्पतालों में निः शुल्क सर्जरी हेतु रेफर किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान "नन्हा-सा-दिल-एनसीएल" सीएसआर परियोजना को समर्पित वैन को हरी झंडी दिखाकर परियोजना की औपचारिक शुरुआत की गई। गौरतलब है कि भारत में हर साल लगभग 3 लाख बच्चे सीएचडी के साथ पैदा होते हैं जिनमें से इलाज़ के अधिक लागत के कारण 5% रोगी ही सर्जरी करवाने में सक्षम हो पाते हैं। परिक्षेत्र में निवासरत ज़रूरतमन्द बच्चों को बेहतर उपचार के अवसर एवं नवजीवन देने के उद्देश्य से 'ओनली दिल-नो बिल' की भावना के साथ, एनसीएल ने इस सीएसआर पहल की शुरुआत की है।

## योजना अंतर्गत अब 31 मार्च तक इच्छुक अभ्यार्थी कर सकते है आवेदन

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना राउंड-2 से मिलेगा देश की नामी कंपनियों में कार्य करने का अवसर

सिंगरौली

22 मार्च 2025/ सिंगरौली जिले में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना राउंड-2 अंतर्गत 886 पद जिले की विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों एन.टी.पी.सी. , एन.सी.एल., हिंडाल्को, पावरग्रिड, रिलायंस, टी.एच.डी.सी. इंडिया लिमिटेड में उपलब्ध हैं जिसमें जिले के साथ साथ प्रदेश भर के युवा एवं युवतियाँ इस योजना के माध्यम से कार्य करने का अवसर प्राप्त कर सकते है। योजना अंतर्गत आवेदन करने की तिथि में वृद्धि की गई है। अब अभ्यार्थी 31 मार्च 2025 तक अपना आवेदन कर सकते है। योजना अंतर्गत प्रारम्भ में 12 माह तक कंपनियों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा इस अवधि में आवेदकों को प्रतिमाह 5000 रूपये साथ ही साथ एक बार सहयोग राशि रूपये 6000 भी प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण अवधि के उपरांत आवेदक, आवेदिका योग्यतानुसार उसी कम्पनी में या देश की किसी भी अन्य कम्पनी में स्थायी रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना राउंड-2 अंतर्गत पंजीयन किये जाने हेतु आवेदक ,आवेदिका को 10 वीं पास डिप्लोमा कोर्स धारक, आई टी आई कोर्स, स्नातक की डिग्री धारक कम्प्पूटर डिप्लोमा धारक होना अनिवार्य होगा आवेदक के पास उपरोक्त में से कोई भी एक डिग्री होने पर आवेदक इस योजना अंतर्गत अपना पंजीयन पर कर सकते है। परिवार से यदि कोई सदस्य शासकीय सेवा में हैं या परिवार की आय 8 लाख से अधिक है उक्त स्थिति में आवेदक योजना अंतर्गत अपात्र की श्रेणी में आता है। इसके अतिरिक्त समस्त आवेदक इस योजना में अपना पंजीयन कर प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना राउंड-2 स्कीम का लाभ प्राप्त कर सकते हैं । सिंगरौली जिले में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना राउंड-2 में कंपनीवार एन.सी.एल. में 699, एन टी पी सी में 86, अदानी पावर लिमिटेड 32, पावर ग्रिड में 46 पद एवं अन्य कम्पनियों में 23 कुल 886 पदों पर इन्टर्नशिप का सुअवसर उपलब्ध हैं जिसमे से 10 वीं पास के 565 हितग्राही, डिप्लोमा धारी 33 हितग्राही, स्नातक पास 45 हितग्राही एवं आई टी आई पास 243 हितग्राही इस प्रकार कुल मिलाकर 886 हितग्राही जिनमे बालक, बालिका दोनों ही सम्मिलित हैं के लिए अवसर उपलब्ध हैं । अभ्यर्थियों की आयु सीमा 21 से 24 वर्ष के मध्य होना चाहिये। योजना में पंजीयन किये जाना पूर्णतया निःशुल्क है, पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित हैं । अधिक से अधिक पात्र आवेदक योजना अंतर्गत निर्धारित अवधि में आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं । आवेदक किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए पोर्टल आई टी आई कालेज पचोर वैढन जिला सिंगरौली में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं।

